**एआरसी का नाम**:

## निदेशक/प्रबंध निदेशक/मुख्य कार्यपालक अधिकारी के बारे में जानकारी

<table>
<tr><th>क्रम सं.</th><th>विवरण</th><th>जानकारी/ ब्योरा</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>उम्मीदवार (प्रस्तावित नियुक्त व्यक्ति) का नाम</td><td></td></tr>
<tr><td>2.</td><td>प्रस्तावित पदनाम / निदेशक पद का प्रकार<br>[जैसे पूर्णकालिक निदेशक/प्रबंध निदेशक/मुख्य कार्यपालक अधिकारी/गैर-कार्यपालक निदेशक (प्रायोजक/गैर-प्रायोजक), स्वतंत्र निदेशक, नामांकित निदेशक, आदि (स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट किया जाना चाहिए)]</td><td></td></tr>
<tr><td>3.</td><td>राष्ट्रीयता और पासपोर्ट संख्या</td><td></td></tr>
<tr><td>4.</td><td>जन्म तिथि (दिन/माह/वर्ष)</td><td></td></tr>
<tr><td>5.</td><td>पता, ई-मेल आईडी और फोन/मोबाइल नंबर</td><td></td></tr>
<tr><td>6.</td><td>स्थायी खाता संख्या (पैन)<br><br>पिछले 3 वर्षों के दौरान दाखिल किए गए आयकर रिटर्न का विवरण</td><td>पैन (PAN):<br><table><tr><th>दाखिल करने की तारीख</th><th>भुगतान किए गए कर की राशि (₹)</th></tr><tr><td></td><td></td></tr><tr><td></td><td></td></tr><tr><td></td><td></td></tr></table></td></tr>
<tr><td>7.</td><td>निदेशक पहचान संख्या (डीआईएन) और उसकी वर्तमान स्थिति</td><td></td></tr>
<tr><td>8.</td><td>शैक्षिक/व्यावसायिक योग्यताएँ</td><td></td></tr>
<tr><td>9.</td><td>कारोबार-क्षेत्र या व्यवसाय/पेशा<br>(उम्मीदवार के प्रासंगिक ज्ञान और पेशेवर अनुभव का विवरण देने वाला एक संक्षिप्त लेख)</td><td></td></tr>
<tr><td>10.</td><td>सभी क्षेत्राधिकारों में उम्मीदवार के बैंक खातों का विवरण<br>(कृपया सभी खातों, जैसे बचत, चालू, ऋण और अग्रिम आदि, का विवरण बताएं)</td><td><table><tr><th>बैंक का नाम</th><th>खाते का प्रकार</th><th>खाता संख्या</th></tr><tr><td></td><td></td><td></td></tr><tr><td></td><td></td><td></td></tr></table></td></tr>
<tr><td>11.</td><td>आवेदक एआरसी में उम्मीदवार की इक्विटी शेयरधारिता[1], यदि कोई हो:<br>(i) शेयरों की संख्या<br>(ii) शेयरों का अंकित मूल्य<br>(iii) एआरसी की कुल चुकता शेयर पूंजी का प्रतिशत</td><td></td></tr>
</table>

[1] कृपया वरीयता शेयरों, अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय डिबेंचर आदि का विवरण, यदि कोई हो, अलग से भी शामिल करें।

| | | |
|---|---|---|
| 12. | क्या उम्मीदवार किसी प्रायोजक/प्रायोजकों का नामांकित व्यक्ति है या संबंधित/सम्बद्ध है? यदि हाँ, तो तत्संबंधी विवरण दें। | |
| 13. | उम्मीदवार के रिश्तेदारों[2] की सूची, जो एआरसी से जुड़े हैं (यदि कोई हो), और ऐसे संबंध की प्रकृति | |
| 14. | वर्तमान और पिछले[3] व्यवसाय ( क्रम संख्या 15 में शामिल व्यवसायों के अलावा)<br>[पदनाम/भूमिका, संगठन का नाम और पता, कर्मचारी आईडी, कार्यकाल (से-तक), नियामक का नाम (यदि भारत या विदेश में किसी वित्तीय क्षेत्र नियामक द्वारा विनियमित हो)] | |
| 15. | बैंकों, वित्तीय संस्थानों (एनबीएफसी/एआरसी सहित) और अन्य संस्थाओं के नाम जिनमें उम्मीदवार अध्यक्ष / प्रबंध निदेशक / निदेशक / मुख्य कार्यपालक अधिकारी आदि के रूप में कार्यरत रहे हैं।<br>[संगठन का नाम और पता और उसकी गतिविधि का क्षेत्र, धारित पद, कार्यकाल (से-तक), नियामक का नाम (यदि भारत या विदेश में किसी वित्तीय क्षेत्र नियामक द्वारा विनियमित है)] | |
| 16. | उन संस्थाओं की सूची जिनमें उम्मीदवार को इच्छुक[4] माना जाता है या पर्याप्त हित[5] रखता है और उसका नियामक | |
| 17. | क्या उम्मीदवार या ऊपर्युक्त (15) और (16) में सूचीबद्ध संस्थाएं बैंकों/वित्तीय संस्थानों से प्राप्त किसी भी क्रेडिट सुविधा (निधि/गैर-निधि-आधारित) के संबंध में पहले चूक[6] कर चुकी हैं या कर रही हैं।<br>[यदि हाँ, तो कृपया पूर्ण विवरण प्रस्तुत करें जैसे कि ऋणदाता का नाम (शाखा नाम सहित), सुविधा का प्रकार, अवधि और  चूक की मात्रा, आदि और उसकी वर्तमान स्थिति] | |
| 18. | क्या वह व्यक्ति किसी पेशेवर संघ/निकाय का सदस्य है? | |

[2] कंपनी अधिनियम, *2013* की धारा *2(77)* का संदर्भ लें।
[3] कम से कम पिछले 10 वर्षों के दौरान
[4] कंपनी अधिनियम, *2013* की धारा *184* का संदर्भ लें।
[5] पर्याप्त हित का मतलब किसी व्यक्ति अथवा उसके पति/पत्नी या नाबालिग बच्चे द्वारा, चाहे अकेले हों या एक साथ, किसी कंपनी के शेयरों / फर्म की पूंजी में रखा गया लाभकारी हित धारिता, जिनमें कुल प्रदत्त राशि कंपनी की प्रदत्त शेयर पूंजी या किसी साझेदारी फर्म के सभी भागीदारों द्वारा अभिदत्त कुल पूंजी के दस प्रतिशत से अधिक हो।
[6] 'चूक' का अर्थ है कि संबंधित सुविधा को बैंक/एफआई द्वारा गैर-निष्पादित आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया हो।

| | | |
|---|---|---|
| | यदि हां, तो उसके विरुद्ध प्रारंभ की गई, लंबित अथवा अतीत में दोषसिद्धि में फलित अनुशासनात्मक कार्रवाई का विवरण, यदि कोई हो, या क्या उन्हें किसी भी समय किसी पेशे/व्यवसाय से प्रतिबंधित किया गया है? | |
| 19. | उम्मीदवार और/या उपर्युक्त (15) और (16) में सूचीबद्ध संस्थाओं में से किसी के विरुद्ध आर्थिक कानूनों/विनियमों के उल्लंघन के लिए अतीत में प्रारंभ किए गए, लंबित या दोषी ठहराए गए सिविल या आपराधिक अभियोजन (परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138(1) के अंतर्गत सहित) का विवरण, यदि कोई हो। | |
| 20. | यदि उम्मीदवार द्वारा किसी भी समय एएमएल/सीएफटी दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया गया है, तो उसका विवरण दें। | |
| 21. | क्या उम्मीदवार कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 164 के अंतर्गत परिकल्पित कोई भी अयोग्यता रखता है?<br>यदि हाँ, तो कृपया उसका विवरण दें। | |
| 22. | (ए) यदि किसी आपराधिक अदालत द्वारा नैतिक अधमता से जुड़े अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है, तो उसका विवरण दें।<br>(बी) यदि किसी अन्य अदालत द्वारा दोषी ठहराया गया है, तो ऐसी कार्यवाही के परिणाम के साथ उसका विवरण। | |
| 23. | यदि उम्मीदवार या ऊपर्युक्त (15) और (16) में सूचीबद्ध किसी संस्था को पूर्व नियोक्ताओं या सरकारी विभागों या एजेंसियों में से किसी के द्वारा कोई जांच या सतर्कता/अनुशासनात्मक जांच हुई है, तो ऐसी कार्यवाही के परिणाम के साथ उसका विवरण। | |
| 24. | यदि उम्मीदवार या ऊपर्युक्त (15) और (16) में सूचीबद्ध संस्थाओं को किसी भी समय सीमा शुल्क / उत्पाद शुल्क / आयकर / विदेशी विनिमय / अन्य राजस्व अधिकारियों / जांच एजेंसियों (जारी किए गए कारण बताओ नोटिस सहित) द्वारा नियमों / विधायी अपेक्षाओं के | |

| | | |
|---|---|---|
| | उल्लंघन का दोषी पाया गया है, तो उसका विवरण। | |
| 25. | यदि पेशेवर आचरण या गतिविधियों के कारण किसी विनियामक, यथा आरबीआई, सेबी, आईआरडीएआई, पीएफआरडीए, एमसीए, पेशेवर संगठनों, सरकारी एजेंसियों या अदालत द्वारा फटकार लगाई गई है, निंदा की गई है, प्रतिबंधित, निलंबित, वर्जित, निषेध किया गया है, या अन्यथा अनुशास्ति की गई है, तो उसका विवरण।[7] | |
| 26. | यदि उम्मीदवार एक पेशेवर है (जैसे सनदी लेखाकार, अधिवक्ता, आदि) और वह किसी एआरसी में पेशेवर कार्य कर रहा है या किया है, तो कृपया विवरण प्रदान करें (एआरसी का नाम और संबद्धता की अवधि सहित) | |
| 27. | क्या उम्मीदवार को पिछले पांच वर्षों में किसी भी समय किसी बैंक द्वारा इरादतन चूककर्ता घोषित किया गया है। यदि हाँ, तो उसका विवरण और वर्तमान स्थिति। | |
| 28. | क्या उम्मीदवार द्वारा धारित निदेशक पदों की संख्या कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 165 / भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ] नियमों, 2015 (यथा लागू) के तहत निर्धारित सीमा से अधिक है। | |
| 29. | व्यक्ति का 'उपयुक्त और उचित' रूप में आकलन करने के लिए प्रासंगिक मानी जाने वाली कोई भी अन्य जानकारी। | |

**प्रस्तावित नियुक्त व्यक्ति द्वारा घोषणापत्र**

1. मैं पुष्टि करता हूं कि मैं किसी भी ऐसी अनिगमित निकाय से संबद्ध नहीं हूं जो सार्वजनिक जमा स्वीकार कर रहा है।
2. मैं पुष्टि करता हूं कि मैं किसी भी ऐसी कंपनी से संबद्ध नहीं हूं, जिसका पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) का आवेदन भारतीय रिज़र्व बैंक, राष्ट्रीय आवास बैंक या किसी अन्य वित्तीय क्षेत्र के नियामक द्वारा खारिज कर दिया गया है।

[7] यद्यपि उम्मीदवार के लिए यहां उन आदेशों और निष्कर्षों के बारे में उल्लेख करना आवश्यक नहीं होगा जिन्हें बाद में पूरी तरह से उलट दिया/रद्द कर दिया गया हो, लेकिन यदि यह योग्यता के आधार पर नहीं बल्कि क्षेत्राधिकार के अभाव या सीमा जैसे तकनीकी आधार पर उलट दिया/रद्द किया गया हो, तो इसका उल्लेख करना आवश्यक होगा।

<table>
<tr><td colspan="2">प्रस्तावित नियुक्त व्यक्ति द्वारा वचनपत्र</td></tr>
<tr><td colspan="2">1. मैं पुष्टि करता हूं कि उपर्युक्त जानकारी मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और पूर्ण है।<br>2. मैं इस आवेदन को प्रस्तुत करने के बाद या मेरी नियुक्ति के बाद होने वाली सभी घटनाओं के बारे में, जो यहां ऊपर दी गई जानकारी से प्रासंगिक हैं, कंपनी को पूर्ण रूप से यथाशीघ्र सूचित करने का वचन देता हूं।<br>3. मैं कंपनी के साथ एक 'करारनामा' निष्पादित करने का भी वचन देता हूं।</td></tr>
<tr><td>स्थान:<br>तारीख:</td><td>प्रस्तावित नियुक्त व्यक्ति के हस्ताक्षर</td></tr>
<tr><td colspan="2">नामांकन और पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) का प्रस्तुतिकरण</td></tr>
<tr><td>पुष्टि कि एनआरसी द्वारा प्रस्तावित नियुक्ति के संबंध में आवश्यक सम्यक जांच की गई है।</td><td></td></tr>
<tr><td>यहां दी गई जानकारी की सत्यता और पूर्णता से स्वयं को संतुष्ट कर लिए जाने पर एनआरसी की टिप्पणियां।</td><td></td></tr>
<tr><td>स्थान:<br>तारीख:</td><td>एनआरसी के अध्यक्ष के हस्ताक्षर</td></tr>
</table>

विधिवत भरा हुआ फॉर्म उम्मीदवार (प्रस्तावित नियुक्त व्यक्ति) द्वारा हस्ताक्षरित और एआरसी की नामांकन और पारिश्रमिक समिति के अध्यक्ष द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिए।